बरेली, रविवार
23 अक्टूबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24+6=30

दैनिक जागरण

PAGE NO, 02, BOTTOM RIGHT

28 से होगी यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप

जासं, बरेली : एसआरएमएस में 28 अक्टूबर से 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप आरंभ हो रही है। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट युवाओं के समग्र विकास, आलराउंड डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए काम कर रहा है। इसके लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही खेलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। चैंपियनशिप के संयोजक डा. सोवन मोहन्ती ने कहा कि 69वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का उद्घाटन 28 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे होगा। इसमें प्रदेश के 25 जिलों के करीब सवा तीन सौ खिलाड़ी भाग लेंगे। महिला, पुरुष, बालक और बालिकाएं इस चैंपियनशिप की 12 स्पर्धाओं में शामिल होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 30 अक्टूबर दोपहर 1.30 बजे होगा। कांफ्रेंस में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज के स्पोर्ट्स आफिसर नितिन सक्सेना भी मौजूद रहे।